aglasem.com

FOR CA INTERMEDIATE EXAM PREPARATION

CA Intermediate 2022 Question Paper · Paper 7 Enterprise Information Systems and Strategic Management

EXAM
CA Intermediate

YEAR
2022

TYPE
Question Paper

SUBJECT
Paper 7 Enterprise Information Systems and Strategic Management

DATE
May 2022

IPCE (New Syllabus)
Paper - 7
Enterprise Information Systems
& Strategic Management

MAY 2022

QGP2(H)

Roll No. .....

Total No. of Printed Pages – **12**

Total No. of Questions – **10**

Maximum Marks – **70**

GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to Questions in Part I are to be marked on the OMR answer sheet given on the Cover Page of Section-A of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the Cover Page of Section-A of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive type answer book.
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, (b) the answer book in respect of descriptive answer book with OMR Cover Page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

PART – II

70 marks

1. **Section – A :** Question paper comprises **5** questions (**1** to **5**). Answer Question No. **1** which is compulsory and any **3** out of the remaining **4** questions.
2. **Section – B :** Question paper comprises **5** questions (**6** to **10**). Answer Question No. **6** which is compulsory and any **3** out of the remaining **4** questions.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.
4. Working note should be part of the respective answers.

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

PART – II

Section – A

1. (a) Presently, the flow of information is at an unimaginable high speed for doing any business and need of information is perceived at various levels of hierarchy. With these objectives in focus, define : **1+2**

   (i) Enterprise Information System

   (ii) Categories of Business Processes

   (b) What is an operating system ? List any four activities performed by an operating system. **1+1**

2. (a) The main business of banks is lending money to the customers. There are certain inherent risks in lending and they cannot take more than the calculated risks whenever they lend money to their customers. List down the various risks involved and their associated controls in Loans and Advances Process in the banking system. **6**

   (b) The ERP system is like a human body where there are different units and each unit relates to other units. All the units must work in harmony with other units to generate the desired result. What are the important points for integration of modules with Financial and Accounting System ? **4**

3. (a) For doing business, logical access controls play a critical role ensuring the access to system, data and programs to safeguard against unauthorized access. Towards this, explain 'Logical Access Control' and 'User Access Management Controls for Technical Exposures'. **2+4**

   (b) In Accounting language, voucher is an evidence for a transaction. How do you interpret 'voucher' when referred to a computer ? Also explain any three types of vouchers pertaining to accounting. **1+3**

© The Institute of Chartered Accountants of India

4. (a) Enterprise Risk Management (ERM) framework consists of various interrelated components that are derived from the way the management runs a business and are integrated with the management process. Explain any six components of ERM framework. **6**

(b) E-Commerce runs through network-connected systems which can have two types of architecture, namely, two-tier and three-tier architecture. In this context, define three-tier architecture and write its advantages. **1+3**

5. (a) Banking is a backbone of a country's economy which keeps the wheels of economy running. The changes in the banking scenario due to moving over to Core Banking System (CBS) and IT-based operations have enabled banks to reach customers and facilitate seamless transactions with lesser dependence on physical infrastructure. In this context, write down the characteristics of Core Banking System. **6**

(b) Mobile Apps are commonly used by all for doing electronic transactions. A mobile website works for all mobile devices and usually costs about same as creating a Mobile App. In this context, explain any four modules in mobile websites. **4**

OR

What are the applications of Internet of Things (IOT) in the area of

(i) Smart City

(ii) Health Care

© The Institute of Chartered Accountants of India

Section – B

6. Paramount group of companies is having a strong foot print in the areas of Aviation, Healthcare, Fast moving consumer goods, Home appliances and Electronic goods. Processes, Technology and Marketing capabilities are different for each business. However, each business operates among a group of rivals that produce competing products. In order to get ahead of competition and to contribute for sustained competitive advantages, company intends to improve customer services and in turn increase its market share. To achieve this, company is desirous to analyze its products, processes and service levels for each of its segments. **1+4 =5**

Company is studying various trade publications, understanding the taste and preferences of customers, meeting with suppliers and also using other relevant information available in public domain for each of its business operations. After studying as above, company wants to compare diverse range of practices and processes being followed by acknowledged leaders in the industry, measures its own productivity and identify the gaps. Instead of following bricks-and-mortar practices, company will be setting goals to be achieved for improvement in its product, processes and services, based on best practices being followed by the companies on a regular basis.

Identify the strategic tool to be used by Paramount group of companies. Also explain in brief the common elements involved in using this tool.

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

7. (a) Good Health is an Association of Persons (AOP), providing awareness to downtrodden on immunization, vaccination, sanitation and other health and hygiene issues. It is a not-for-profit organization, working in coordination with hospitals, medical support centers and local administration. **1+4 =5**

You are asked to take over the organization and manage it in a better way. Identify whether the concept of strategic management is relevant in this connection ? And if so, what basic activities you would perform in order to manage it efficiently ?

(b) "Is it imperative to segregate top level strategies into viable functional plans and policies ?" Do you agree with this statement ? Support your answer with reason. **1+4 =5**

8. (a) XYZ Ltd. is an automobile company that offers diversified products for all customer segments. Due to COVID-19, the changes took place in the economy forced the company to change its strategy. Being the CEO of the company, what stages will you follow for developing and executing the new strategy ? **5**

(b) Due to reoccurrence of various variants of Corona virus, LMN Ltd. is facing unstable environment and it has started unbundling and disintegrating its activities. It also started relying on outside vendors for performing these activities. Identify the organisation structure LMN Ltd. is shifting to. Under what circumstances this structure becomes useful ? **1+4 =5**

© The Institute of Chartered Accountants of India

9. (a) "Strategy formulation and strategy implementation are intertwined and linked with each other." Elucidate this statement with suitable arguments. **5**

(b) There are four specific criteria of sustainable competitive advantage that firms can use to determine those capabilities that are known as core competencies. Explain. **5**

10. (a) ABC Steel Industries finds out that its products have reached at maturity stage and already has overcapacity. Therefore, it concentrates on maintaining operational efficiency of its plants. Identity the strategy implemented by ABC Steel Industries along with reasons. **1+4 =5**

(b) What do you understand by diversification ? Distinguish between concentric and conglomerate diversification. **2+3 =5**

OR

"The bargaining power of suppliers determines an industry's attractiveness and profitability." Discuss.

© The Institute of Chartered Accountants of India

भाग – II

सेक्शन – A

1. (a) वर्तमान में सूचना प्रवाह, एक अकल्पनीय तेज गति से किसी व्यापार और उसकी सूचना जरूरतों को विभिन्न स्तरों पर विदित किया जाता है । इस उद्देश्य को केन्द्र में रखते हुए स्पष्ट करें : 1+2

   (i) उद्यम सूचना प्रणाली

   (ii) व्यावसायिक प्रक्रियाओं की श्रेणियाँ

   (b) ऑपरेटिंग सिस्टम क्या है ? ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा निष्पादित की जाने वाली कोई भी चार गतिविधियों के नाम बताइए । 1+1

2. (a) बैंक का मुख्य व्यापार अपने ग्राहकों को ऋण देना है । ऋण प्रदान करने में कुछ जोखिम अंतर्निहित हैं और बैंक जब भी अपने ग्राहकों को उधार देता है तो जोखिम, गणना से अधिक नहीं ले सकता है । बैंकिंग सिस्टम में ऋण और अग्रिम प्रक्रिया में निहित विभिन्न जोखिम एवं उसके नियंत्रण को बताइए । 6

   (b) कोई भी ERP प्रणाली मानव शरीर की तरह है । यहाँ विभिन्न इकाइयाँ हैं और प्रत्येक इकाई अन्य इकाइयों से सम्बन्धित है । वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिये सभी इकाइयों को अन्य इकाइयों के साथ मिलकर काम करना चाहिए । वित्तीय और लेखांकन प्रणाली के साथ मॉड्यूल के एकीकरण के लिये कौन से बिन्दु महत्त्वपूर्ण हैं ? 4

3. (a) व्यापार में तार्किक पहुँच नियंत्रण का मुख्य कार्य अनधिकृत उपयोग के विरुद्ध सूचनाओं की सुरक्षा के लिये अधिकृत उपयोगकर्ताओं को सिस्टम, डाटा और प्रोग्राम प्रतिबंधित हैं । इस दिशा में "तार्किक पहुँच नियंत्रण" और "तकनीकी उद्भासन के लिए उपयोगकर्ता पहुँच प्रबंधन नियंत्रण" की व्याख्या करें । 2+4

   (b) लेखांकन भाषा में, वाउचर लेनदेन का एक दस्तावेजी प्रमाण है । कम्प्यूटर के संदर्भ में 'वाउचर' की क्या व्याख्या होगी ? लेखांकन से संबंधित कोई तीन प्रकार के वाउचर की व्याख्या करें । 1+3

© The Institute of Chartered Accountants of India

4. (a) उद्यम जोखिम प्रबंधन के विभिन्न अन्तर्सम्बन्धित घटक होते हैं । जो प्रबंधन द्वारा व्यापार के अनुसरण द्वारा उत्पन्न होते हैं और प्रबन्धन प्रक्रिया से जुड़े होते हैं । उद्यम जोखिम प्रबंधन के कोई भी छः घटक की व्याख्या करें । 6

(b) ई-कॉमर्स, नेटवर्क से जुड़े सिस्टम के माध्यम से चलता है जिसमें दो प्रकार की संरचना, दो स्तरीय एवं तीन स्तरीय हो सकती है । इस संदर्भ में तीन स्तरीय संरचना को स्पष्ट करें और इसके उपयोगों को भी लिखें । 1+3

5. (a) बैंकिंग किसी भी देश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है जो अर्थव्यवस्था को चलायमान रखती है । बैंकिंग दृश्यलेख में बदलाव, क्योंकि केन्द्रीय भाग बैंकिंग प्रणाली (CBS) की तरफ जाने से तथा आई.टी. के संचालन ने इस काबिल बनाया कि बैंक अपने ग्राहक तक पहुँच सकें और उन्हें सीवनरहित कार्य सम्पादन की सुविधा दे सकें और वह कम से कम भौतिक आधारित संरचना पर निर्भर रहें । इस संदर्भ में केन्द्रीय भाग बैंकिंग प्रणाली (CBS) की विशेषतायें लिखें । 6

(b) मोबाइल एप को प्रायः इलेक्ट्रोनिक व्यापार के लिये उपयोग किया जाता है । एक मोबाइल वेबसाइट सभी मोबाइल उपकरणों पर काम करती है और एक मोबाइल एप बनाने की लागत लगभग समान होती है । इस संदर्भ में मोबाइल वेबसाइट में कोई चार मॉड्यूल की व्याख्या करें । 4

अथवा

(i) स्मार्ट सिटी (ii) स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इंटरनेट ऑफ थिंग (IOT) के अनुप्रयोग क्या हैं ?

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

सेक्शन – B

6. पेरामाउन्ट ग्रुप ऑफ कम्पनीज़ का उड्डयन, स्वास्थ्य देखभाल, त्वरित गतिशील उपभोक्ता वस्तुओं, घरेलू उपकरणों तथा इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के क्षेत्र में मजबूत प्रभाव/छाप है । प्रत्येक व्यवसाय की प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी तथा विपणन क्षमताएँ भिन्न-भिन्न हैं । यद्यपि, प्रत्येक व्यवसाय एक प्रतिद्वंद्वी समूह के साथ संचालित है जो प्रतियोगी वस्तुएँ उत्पन्न करता है । प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने तथा स्थायी प्रतिस्पर्धात्मक लाभ में योगदान हेतु कम्पनी उपभोक्ता सेवाओं में सुधार कर और उसके द्वारा अपने बाजार भाग में वृद्धि करना चाहती है । इसे प्राप्त करने के लिए कम्पनी अपने उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवा स्तर का प्रत्येक क्षेत्र में विश्लेषण करने की इच्छुक है । **1+4 =5**

कम्पनी विभिन्न व्यापार प्रकाशनों, उपभोक्ताओं की रुचि एवं अधिमानों को समझने, आपूर्तिकर्ताओं के साथ बैठकें कर तथा सार्वजनिक जीवन में जो भी प्रासंगिक सूचनाएँ प्रत्येक व्यवसाय की दृष्टि से उपलब्ध हैं, का अध्ययन कर रही है । उपरोक्त सभी का अध्ययन करने के पश्चात्, उद्योग में जाने-पहचाने सुस्थापित नेताओं के विविध क्षेत्रों में व्यवहारों एवं प्रक्रियाओं से तुलना करना चाहती है और उनसे अपनी उत्पादकता को माप कर अन्तराल ज्ञात करना चाहती है । कम्पनी ईंट और मोर्टार व्यवहारों को लागू करने के स्थान पर अपने उत्पादों, प्रक्रियाओं एवं सेवाओं में सुधार के लक्ष्य उन कम्पनियों के आधार पर तय करेगी जो सतत श्रेष्ठ व्यवहारों का अनुगमन कर रही हैं ।

पेरामाउन्ट ग्रुप ऑफ कम्पनीज़ द्वारा प्रयुक्त किया जाने वाला रणनीतिक उपकरण ज्ञात कीजिए । इस उपकरण को प्रयोग करने में निहित सामान्य तत्त्वों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

7. (a) गुड हेल्थ एक व्यक्तियों का समूह (AOP) है, जो निम्नवर्गीय लोगों (downtrodden) को प्रतिरक्षा, टीकाकरण, सेनीटेशन तथा अन्य स्वास्थ्य और स्वच्छता के मुद्दों पर जागृति उत्पन्न करने का काम करती है । यह एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो अस्पतालों, औषध समर्थित केन्द्रों (मेडीकल सपोर्ट केन्द्रों) तथा स्थायी प्रशासन के साथ समन्वय से कार्य करती है । 1+4 =5

आपको संगठन का कार्य ग्रहण करने और उसे अच्छी तरीके से प्रबन्धित करने के लिए कहा गया है । ज्ञात कीजिए कि क्या रणनीति प्रबन्धन की अवधारणा इस सम्बन्ध में प्रासंगिक है ? यदि हाँ, तो इसे कुशलतापूर्वक प्रबन्धित करने के लिए आप किन-किन आधारभूत गतिविधियों को निष्पादित करेंगे ।

(b) "क्या उच्च-स्तरीय रणनीतियों को उपादेयी (viable) कार्यात्मक योजनाओं और नीतियों में पृथक-पृथक करने की आवश्यकता होती है ?" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि तर्क सहित कीजिए । 1+4 =5

8. (a) XYZ लि. एक ऑटोमोबाइल निर्माता कम्पनी है जो सभी उपभोक्ता वर्गों के लिए विविध उत्पाद प्रस्तुत करती है । कोविड-19 के कारण अर्थव्यवस्था में हुए परिवर्तनों ने कम्पनी को अपनी रणनीति बदलने के लिए बाध्य किया । कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी होने के नाते, नई रणनीति के विकास और कार्यान्विति के लिए आप किन अवस्थाओं का अनुगमन करेंगे ? 5

(b) कोरोना वायरस के पुनः उत्पन्न हो जाने के कारण एलएमएन लि. को अस्थिर वातावरण का सामना करना पड़ रहा है और उसने अपनी गतिविधियों को अबण्डलीकरण एवं अएकीकृत करना प्रारम्भ कर दिया है । उसने इन गतिविधियों के लिए बाहरी वेंडर्स पर निर्भर रहना भी प्रारम्भ कर दिया है । ज्ञात कीजिए कि एलएमएन लि. किस संगठन संरचना की ओर परिवर्तित हो रहा है । किन परिस्थितियों के अन्तर्गत यह संरचना उपयोगी साबित होती है ? 1+4 =5

© The Institute of Chartered Accountants of India

9. (a) "रणनीति निरूपण और रणनीति क्रियान्वयन एक दूसरे से जुड़े हुए और सम्बन्धित हैं ।" उपयुक्त तर्कों सहित इस कथन की विवेचना कीजिए । 5

(b) स्थायी प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के चार विशिष्ट मानदण्ड हैं जिन्हें फर्म उन क्षमताओं को निर्धारित करने के लिए प्रयोग कर सकती है जिन्हें मूल दक्षताओं के नाम से जाना जाता है । स्पष्ट कीजिए । 5

10. (a) एबीसी स्टील उद्योग यह पाता है कि उसके उत्पाद परिपक्वता की अवस्था में पहुँच गये हैं और पहले ही क्षमता आधिक्य है । इसलिए इसका अपने प्लाण्टों की कार्यात्मक कुशलता को बनाये रखने पर ध्यान केन्द्रित है । एबीसी स्टील उद्योग के द्वारा अपनायी गयी रणनीति कारणों सहित ज्ञात कीजिए । 1+4 =5

(b) विविधीकरण से आपका क्या आशय है ? संकेन्द्रित तथा सम्पीडन विविधीकरण में अन्तर कीजिए । 2+3 =5

अथवा

"आपूर्तिकर्ताओं की सौदेबाजी की शक्ति उद्योग की आकर्षकता तथा लाभप्रदता को निर्धारित करती है ।" व्याख्या कीजिए ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

QGP2(H)

रोल नं. ..... कुल पृष्ठ – 12

कुल प्रश्नों की संख्या – 10 अधिकतम अंक – 70

अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर सेक्शन-A वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र जो कि सेक्शन-A वर्णनात्मक उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टिकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I और (b) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी बाध्यकारी होगा ।

भाग – II 70 अंक

1. **Section – A** में **1-5** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है तथा शेष प्रश्नों में किन्हीं **3** का उत्तर देना है ।
2. **Section – B** में **6-10** प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या **6** अनिवार्य है तथा शेष प्रश्नों में किन्हीं **3** का उत्तर देना है ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । यदि किसी परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।
4. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेगी ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com